वर्ष 1 - अंक 64
सोमवार 3 फरवरी 2025 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

# मध्यप्रदेश बनेगा कौशल हब

## राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों से मध्यप्रदेश को मिलेगा लाभ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त करते हुए केंद्रीय बजट 2025 में कौशल विकास और रोजगार को केंद्र में रखा गया है। मध्यप्रदेश इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रदेश को 'कौशल शक्ति प्रदेश' के रूप में विकसित करने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं, जहां हर युवा को नवीनतम औद्योगिक जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण मिलेगा। इससे प्रदेश की प्रतिभा न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट-2025 में घोषित 5 राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना से मध्यप्रदेश को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। इन केंद्रों के माध्यम से 'मेक फॉर इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड' अभियान को मजबूती मिलेगी, जिससे राज्य में प्रशिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण, प्रमाणन प्रणाली और उद्योग से जुड़े पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पहल को राज्य के युवाओं के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कौशल विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।



### स्टार्ट-अप्स और उद्यमिता को मिलेगा नया आयाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्टार्ट-अप्स के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के फंड ऑफ फंड्स की घोषणा से मध्यप्रदेश के नवाचार और उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी। राज्य सरकार इस कोष का अधिकतम लाभ उठाने के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार कर रही है, जिससे स्थानीय स्टार्ट-अप्स को पूंजी और संरचनात्मक सहायता मिल सके। कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि यह बजट केवल कौशल विकास की बात नहीं करता, बल्कि इसे रोजगार से जोड़कर समग्र विकास का एक मॉडल प्रस्तुत करता है। हम मध्यप्रदेश में डिजिटल लर्निंग, द्व आधारित शिक्षा और नए उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्राथमिकता देंगे। यह युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में घोषित योजनाओं को राज्य स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा व्यापक रणनीति बनाई जा रही है।

### स्किल हब बनने की दिशा में अग्रसर मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बजट मध्यप्रदेश को कौशल और नवाचार का केंद्र बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। राज्य में नए स्किलिंग हब, त्नष्ट केंद्र और स्टार्टअप्स के लिए फंडिंग से रोजगार के असंख्य अवसर उत्पन्न होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के आत्म-निर्भर भारत विजन को आगे बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश 'स्किल हब ऑफ इंडिया' बनने की ओर अग्रसर है।

## रोजगार उन्मुख कौशल प्रशिक्षण और नए अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर फ्रेमवर्क पर जोर दिया गया है, जिससे मध्यप्रदेश को टियर-2 शहरों में वैश्विक कंपनियों के कौशल केंद्रों को स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इससे प्रतिभाशाली युवाओं को वैश्विक बाजार के अनुरूप तैयार किया जाएगा। पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में मुद्रा लोन का प्रावधान किया गया है। सरकार होम-स्टे और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को विशेष वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अनुसूचित जाति और जनजाति महिलाओं एवं वंचित समुदायों के उद्यमियों के लिए सरकार पहली बार 5 लाख युवाओं को ऑनलाइन क्षमता निर्माण और उद्यमिता प्रशिक्षण से जोड़ने जा रही है।

# विधार्थी अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर करते रहें अपडेट : राज्यपाल पटेल

### राज्यपाल महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड वि.वि. छतरपुर के चौथे दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

**भोपाल (नप्र)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल रविवार को महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह में विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान की। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल ने समारोह के सारस्वत अतिथि एवं नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को एमसीबीयू डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि से विभूषित किया।



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि तेजी से बदलते आज के तकनीकी युग की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में निरंतर ज्ञान की खोज समय की जरूरत है। इसीलिए विद्यार्थी जीवन में नए अवसरों को प्राप्त करने और नई चुनौतियों के समाधान खोजने में अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर अपडेट करते रहें। सपने साहस और धैर्य से साकार होते हैं। जरूरत है तो बस असफलता से सीख कर, स्वयं में बदलाव करते हुए आगे बढ़ने की। उन्होंने गुरूजनों से कहा कि जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन, भरपूर आत्म-विश्वास और संवेदनशील व्यक्तित्व होना जरूरी है। आपकी प्रतिभा, ज्ञान और कौशल से किए गए कार्यों की सार्थकता समाज की अंतिम कड़ी के वंचित व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने में ही है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ते हुए आपको सफलता के पथ तक पहुँचाने वाले माता-पिता, गुरुजनों की साधना, त्याग और समर्पण को कभी नहीं भूलें। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी की और मौलिक प्रतिभा को बढ़ाते हुए, ज्ञान और संस्कार से दीक्षित कर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए सक्षम बनाएं। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप सब विकसित भारत के अमृत प्रसंग की सौभाग्यशाली पीढ़ी हैं, जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजनरी नेतृत्व मिला है। उनकी दूरदर्शिता का प्रतिफल, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति है, जो युवाओं को जीवन में सफलता की अनंत ऊँचाइयों को छूने और भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाने का अवसर प्रदान करती है। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी भारत के ज्ञान कोष पर गर्व करें। शोध के माध्यम से इस ज्ञान को विश्व भर में प्रसारित कर दुनिया के कल्याण का उद्देश्य लेकर आगे बढ़ें। कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि एडमिरल श्री त्रिपाठी ने दीक्षांत उद्बोधन देते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को 3 मूल मंत्र दिए। पहला कभी सीखना बंद न करें। निरंतर लर्निंग प्रोसेस को जारी रखें। दूसरा सक्सेस के लिए शॉर्ट कट्स न अपनाए एवं तीसरा पराजय को गरिमापूर्ण तरीके से स्वीकार करें, पराजय से सीखें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी ने स्वागत भाषण दिया और विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। समारोह में विशेष अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार सहित विभिन्न संकायों के प्रमुख, विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

### ग्वालियर-चंबल में आज बादल छाएंगे

## एमपी में अब सुबह-रात ही ठंड, दिन में धूप चुभेगी; तापमान 32डिग्री पार



**भोपाल (नप्र)।** मध्यप्रदेश में अब सुबह और रात में ही ठंड का असर रहेगा, जबकि दिन में धूप चूभेगी। फरवरी के पहले दिन ऐसा ही मौसम रहा। मंडला, मलाजखंड, खंडवा और खरगोन में तापमान 32 डिग्री के पार पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से 3 फरवरी को उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर-चंबल में बादल छाएंगे। बूंदाबांदी भी हो सकती है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, प्रदेश के कुछ हिस्से में पहले सप्ताह में बादल छाए रहेंगे। 12, 13 और 14 फरवरी को बारिश होने का अनुमान है। 20 फरवरी के बाद ठंड का असर और कम होगा। जिससे दिन-रात दोनों ही तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

**इस वजह से बदलेगा मौसम:** मौसम विभाग के अनुसार, 3 फरवरी से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। जिसका असर पश्चिम-उत्तरी भारत में रहेगा। इसी वजह से प्रदेश के उत्तरी हिस्से में भी बादल छाने और बूंदाबांदी होने के आसार है।

# झाड़ू के तिनके बिखरे, छोड़कर जा रहे आप-दा के नेता :पीएम

## दिल्ली में मोदी बोले-3 दिन बाद विकास का बसंत आएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दिल्ली पहुंचे। पीएम ने आरके पुरम में करीब 1 घंटे जनता को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने आप-दा और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। पीएम ने रैली की शुरुआत देशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई के साथ की। मोदी ने कहा- बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आपदा के लीडर्स उसे छोड़कर जा रहे हैं। आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। सरकार वो अच्छी है जो बहाने बनाने के बजाय दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए। इस बार



दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार पूरी दिल्ली कह रही है- अबकी बार मोदी सरकार। साथियों दिल्ली की आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी दिल्ली वासियों की सेवा का अवसर जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को दूर करने के लिए खप जाऊंगा। गरीब हो या मिडिल क्लास, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। हमें ऐसी सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े के बजाय दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने के बजाय दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए। आपने आने वाले 5 साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है। अब गलती से भी यहां आपदा सरकार नहीं आनी चाहिए। इस साल के बजट के बारे में आपने कल सुना होगा, आज के अखबार तो भरे पड़े हैं।

# विद्यार्थी अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर करते रहें अपडेट: गवर्नर



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल रविवार को महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह में विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान की। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल ने समारोह के सारस्वत अतिथि एवं नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को एमसीबीयू डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि से विभूषित किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि तेजी से बदलते आज के तकनीकी युग की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में निरंतर ज्ञान की खोज समय की जरूरत है। इसीलिए विद्यार्थी जीवन में नए अवसरों को प्राप्त करने और नई चुनौतियों के समाधान खोजने में अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर अपडेट करते रहें। सपने साहस और धैर्य से साकार होते हैं। जरूरत है तो बस असफलता से सीख कर, स्वयं में बदलाव करते हुए आगे बढ़ने की। उन्होंने गुरुजनों से कहा कि जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन, भरपूर आत्म-विश्वास और संवेदनशील व्यक्तित्व होना जरूरी है। आपकी प्रतिभा, ज्ञान और कौशल से किए गए कार्यों की सार्थकता समाज की अंतिम कड़ी के वंचित व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने में ही है।

# राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों से एमपी को मिलेगा लाभ

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा-मध्यप्रदेश बनेगा कौशल हब

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त करते हुए केंद्रीय बजट 2025 में कौशल विकास और रोजगार को केंद्र में रखा गया है। मध्यप्रदेश इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रदेश को कौशल शक्ति प्रदेश के रूप में विकसित करने के लिए तत्पर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं, जहां हर युवा को नवीनतम औद्योगिक जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण मिलेगा। इससे प्रदेश की प्रतिभा न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट-2025 में घोषित 5 राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना से मध्यप्रदेश को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। इन केंद्रों के माध्यम से मेक फॉर इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड अभियान को मजबूती मिलेगी जिससे राज्य में प्रशिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण, प्रमाणन प्रणाली और उद्योग से जुड़े पाठ्यक्रमों को



बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पहल को राज्य के युवाओं के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कौशल विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

**स्टार्ट-अप्स और उद्यमिता को मिलेगा नया आयाम-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्टार्ट-अप्स के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के फंड ऑफ फंड्स की घोषणा से मध्यप्रदेश के नवाचार और उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी। राज्य सरकार इस कोष का अधिकतम लाभ उठाने के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार कर रही है, जिससे स्थानीय स्टार्ट-अप्स को पूंजी और संरचनात्मक सहायता मिल सके। कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि यह बजट केवल कौशल विकास की बात नहीं करता, बल्कि इसे रोजगार से जोड़कर समग्र विकास का एक मॉडल प्रस्तुत करता है।


### रोजगार उन्मुख कौशल प्रशिक्षण और नए अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर फ्रेमवर्क पर जोर दिया गया है, जिससे मध्यप्रदेश को टियर-2 शहरों में वैश्विक कंपनियों के कौशल केंद्रों को स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इससे प्रतिभाशाली युवाओं को वैश्विक बाजार के अनुरूप तैयार किया जाएगा। पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में मुद्रा लोन का प्रावधान किया गया है। सरकार होम-स्टे और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को विशेष वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अनुसूचित जाति और जनजाति महिलाओं एवं वंचित समुदायों के उद्यमियों के लिए सरकार पहली बार 5 लाख युवाओं को ऑनलाइन क्षमता निर्माण और उद्यमिता प्रशिक्षण से जोड़ने जा रही है।

# बजट से बदलेगी बिहार के बौद्ध स्थलों की तस्वीर!

## केसरिया स्तूप को मिलेगा नया जीवन,विकास की उम्मीद

**गया (एजेंसी)।** केंद्रीय बजट में नए वित्तीय वर्ष के लिए महात्मा बुद्ध के जीवन से जुड़े सभी स्थलों को विकसित करने की घोषणा के बाद बिहार के इन स्थलों के विकास की उम्मीद जगी है, जो महात्मा बुद्ध से जुड़े हुए हैं। बिहार के बोधगया, गया, केसरिया, नालंदा, वैशाली, राजगीर जैसे कई स्थल हैं जिन्हें अब पर्यटन के क्षेत्र में पंख लगने की उम्मीद है। दरअसल, भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों को जोड़कर बुद्ध सर्किट कहा जा रहा है। बिहार में महात्मा बुद्ध से जुड़े स्थानों में सबसे महत्वपूर्ण बोधगया माना जाता है। मान्यता है कि यहां बोधि वृक्ष के नीचे महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। यह बोधि वृक्ष आज भी यहां मौजूद है। यहां महाबोधि मंदिर है, जहां प्रतिवर्ष लाखों देश-विदेश के धर्मावलंबी पहुंचते हैं और प्रार्थना करते हैं। इधर, केसरिया के लोगों को भी केसरिया स्तूप के विकास की उम्मीद बढ़ गई है। विश्व के सबसे ऊंचे केसरिया बौद्ध स्तूप के विकास की उम्मीद बढ़ गई है। महात्मा बुद्ध सेवा संस्थान के पूर्व धरातल से 105 फीट ऊंचा है। इस स्तूप पर सात तल हैं, प्रत्येक तल पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा विभिन्न मुद्राओं में स्थापित है, जो स्तूप की खुदाई के बाद मिली है। पूर्वी चंपारण के केसरिया का



अध्यक्ष परमेश्वर ओझा ने कहा है कि हम लोग स्तूप के विकास को लेकर काफी समय से संघर्षरत हैं लेकिन स्तूप का जितना विकास होना चाहिए, नहीं हो सका। अब बजट से उम्मीद जगी है। विश्व का सबसे ऊंचा स्तूप होने के बावजूद इसका विकास काफी धीमा है। केसरिया का बौद्ध स्तूप बौद्ध स्तूप भगवान बुद्ध के जीवन काल से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि भगवान बुद्ध जब वैशाली से महापरिनिर्वाण के कुशीनगर के लिए चले तो प्रथम रात्रि विश्राम इसी स्थल पर किया। यहां स्तूप बना है। भगवान बुद्ध के रात्रि विश्राम को लेकर ही उनके शिष्यों ने स्तूप का निर्माण कराया था।

# इजरायली आर्मी और असद समर्थकों में टकराव

- गोलान हाइट्स में बढ़ा तनाव, बढ़ सकता है संघर्ष



**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायली आर्मी ने शुक्रवार को गोलान हाइट्स में एक सशस्त्र समूह पर गोलीबारी की है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इजरायली मीडिया ने बताया कि आईडीएफ के जवान इलाके में कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं सीरियाई मीडिया का दावा है कि सशस्त्र समूहों ने तुरनेजेह गांव के पास जवानों पर गोलीबारी की है। एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस से जुड़े मीडिया की शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया है कि इस्लामिक रेजिस्टेंस फ्रंट इन सीरिया ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह घटना सीरिया और इजरायल के बीच तनाव को बढ़ा सकती है। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीएफ ने कहा कि वह इलाके में खतरों को खत्म करने और इज़राइली नागरिकों की सुरक्षा के लिए तैनात है। इजरायल के साथ गोलीबारी की घटना असद गुट के साथ हुई है।

## मिरैकल मिरैकल!

# 30 साल पुराने नीम के पेड़ से बह रहा है 'दूध'

## अशोकनगर में लोगों का तांता,पूजा की मची होड़

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले के भूराखेड़ी गांव के पास एक नीम के पेड़ से दूध जैसा पदार्थ निकल रहा है। यह घटना लगभग 15 दिनों से चल रही है और इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। कुछ लोग इसे

- 15 दिनों से यहां लगातार बह रही है दूध की धारा

चमत्कार मान रहे हैं जबकि कुछ इसे वैज्ञानिक कारणों से जोड़कर देख रहे हैं। दूसरी तरफ बुजर्गों ने बताया कि इस पेड़ की उम्र लगभग 30 साल के करीब है। भूराखेड़ी गांव में एक नीम का पेड़ इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पेड़ से एक सफेद रंग का पदार्थ निकल रहा है, जो दूध जैसा दिखता है। यह घटना पिछले 15 दिनों से जारी है।



जैसे ही यह खबर आसपास के गांवों में फैली, लोग इसे देखने के लिए भारी संख्या में आने लगे। इस असामान्य घटना को देखकर लोगों की प्रतिक्रियाएं अलग-अलग हैं। कुछ लोग इसे दैवीय चमत्कार मान रहे हैं। वहीं कुछ लोग इसके पीछे कोई वैज्ञानिक कारण होने की बात कर रहे हैं। गांव के रहने वाले तुलसीराम कुशवाहा ने बताया कि यह पेड़ लगभग 30 साल पुराना है। कुछ ग्रामीणों ने पेड़ के 25 फीट ऊपर से दूध की धारा नीचे आती देखी। यह धारा लगातार 15 दिन से बह रही है। जैसे ही यह बात लोगों तक पहुंची, इसे देखने वालों की भीड़ लगने लगी। तुलसीराम कुशवाहा ने बताया,यह पेड़ लगभग 30 साल पुराना है। इस पेड़ में कुछ ग्रामीणों ने पेड़ के 25 फीट ऊपर से दूध की धारा नीचे आती देखी जो लगातार 15 दिन से बह रही है। जैसे ही यह बात लोगों तक पहुंची, इसे देखने लोगों की भीड़ आने लगी है। गांव के लोग इसे चमत्कार मान रहे हैं।





# कोल इंडिया मैराथन- 21 किमी तक दौड़े रनर्स,हजारों लोग शामिल हुए

**मंत्री विजयवर्गीय बोले- अपने दोस्त व पड़ोसी को फिट रखना आपकी जिम्मेदारी**



**इंदौर (नप्र)।** इंदौर में कोल इंडिया मैराथन का 11वां आयोजन रविवार सुबह किया गया। 21 किलोमीटर तक इंदौरियों ने दौड़ लगाई। मैराथन की थीम 'रन फॉर हर' रही, महिलाओं को समर्पित इस मैराथन में उनके स्वास्थ्य को जागरूक करने के साथ उन्हें अच्छा वातावरण देना रहा। नेहरू स्टेडियम में समापन के अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने लोगों से दौड़ने के लिए अपने साथ एक व्यक्ति को जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब हम दौड़ते हैं तो स्वस्थ रहते हैं। हमारा उद्देश्य अपने साथ अपने दोस्त और पड़ोसी को भी स्वस्थ रखने का होना चाहिए। विजयवर्गीय ने कहा इंदौर शहर स्वच्छता के साथ-साथ फिटनेस और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी देश का मार्गदर्शन कर रहा है। ऐसे आयोजन शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस साल 'रन फॉर हर' थीम के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण का जो संदेश दिया जा रहा है, वह सराहनीय है।

**बेहतर सेहत के लिए दौड़ना जरूरी:** गिनीज बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर कांति सालवी भी मैराथन में शामिल हुईं। उन्होंने महिलाओं को दौड़ने के लिए मोटिवेट किया।मीडिया से में सालवी ने कहा कहा थीम रन फॉर हर मेरे दिल के बहुत करीब है, इसलिए मैं आज यहां आई। महिलाओं से उनकी सेहत का ख्याल रखने की अपील की है। मेरा मानना है कि उन्हें अपनी सेहत बेहतर रखने के लिए दौड़ना बहुत जरूरी है। रनिंग से ही हम अपना रेगुलर ख्याल रख सकते हैं।

**सुबह 5 बजे 4 जगहों से शुरू हुई मैराथन:** मैराथन सुबह 5 बजे से शुरू हुई। लोग यशवंत क्लब, रीगल, रजबाड़ा और नेहरू स्टेडियम से 3, 5, 10 व 21 किलोमीटर तक दौड़ते हुए निकले। मैराथन की थीम 'रन फॉर हर' रही, महिलाओं को समर्पित इस मैराथन में उनके स्वास्थ्य को जागरूक करने के साथ उन्हें अच्छा वातावरण देना रहा। मैराथन में पहली बार विशेष जुपिटर हॉस्पिटल के ऐसे 200 मरीजों ने हिस्सा लिया, जिनके घुटने रिप्लेसमेंट की सर्जरी हो चुकी है और वह काफी पहले डिस्चार्ज हो चुके। मैराथन का उद्देश्य महिला रनर्स के लिए अच्छा वातावरण देना भी है।

## रनर्स के पैरों में लगाई बिब चिप

रेस डायरेक्टर विजय सोहनी ने बताया कि सभी रनर्स के समय को उनकी इलेक्ट्रॉनिक चिप लगाई गई। उसके माध्यम से उनकी रनिंग टाइमिंग को रिकॉर्ड किया गया। दौड़ के दौरान अनुभवी धावक मौजूद रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को एक निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने में मदद की। सभी मार्गों पर समुचित हाइड्रेशन की व्यवस्था की गई। एकेडमी अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने बताया कि आज 2 फरवरी को ही बसंत पंचमी है। यह मैरथन का बढ़िया मौका है। एकेडमी पूरे साल महिलाओं की फिटनेस और सुरक्षा के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। एकेडमी के सचिव सुमित रावत ने बताया कि कोल इंडिया इंदौर मैराथन ने शहर में फिटनेस के प्रति गहरी जागरूकता पैदा की है। सैकड़ों लोग जिन्होंने पहले 100 मीटर भी नहीं दौड़ा था, अब हॉफ और फुल मैराथन में भाग ले रहे हैं। रनिंग के स्वास्थ्य लाभों को देखते हुए कई डॉक्टरों ने भी न केवल इसे अपनाया है, बल्कि मरीजों को भी रनिंग की सलाह दी है।

## इन जगहों से शुरू हुई मैराथन

21 किमी - सुबह 4.45 बजे नेहरू स्टेडियम से।

10 किमी - सुबह 5.45 बजे नेहरू स्टेडियम से।

5 किमी - राजबाड़ा से।

3 किमी - सुबह 7.15 बे यशवंत क्लब से।

दौड़ने से फिजिकल, मेंटल हेल्थ होती है बेहतर

मैराथन में सहभागिता करने वाले मुकेश बिरला ने बताया कि वह पिछले 8 सालों से इस मैराथन में सहभागिता कर रहे हैं। आज वह 65 मिनिट में 10 किलोमीटर दौड़े हैं। उन्होंने दौड़ने से मैंटल, फिजिकल हेल्थ बेहतर होने की बात करते हुए सभी दौड़ने की अपील की।

## तीन किमी दौड़ा नन्हा ध्रुव

रोहित सालवी अपने तीन साल के बच्चे ध्रुव के साथ मैराथन में पहुंचे। वह पहली बार इस मैराथन में आए। उन्होंने बताया कि ध्रुव ने भी तीन किलोमीटर तक उनके साथ रनिंग की। उन्होंने भी सभी से दौड़ने की अपील की।

**मंत्री विजवर्गीय बोले-**

# जन सामान्य के कल्याण का बजट

## कांग्रेस का आरोप- आम बजट में आम जनता खाली हाथ

**इंदौर (नप्र)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट पेश किया। इस बजट को लेकर इंदौर के बीजेपी-कांग्रेस के नेताओं ने अलग-अलग राय दी है। बीजेपी के नेता जहां बजट को आम जनता के कल्याण वाला बजट बता रहे हैं, वहीं कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इस बजट में आम जनता खाली हाथ है। बता दें कि बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। कर्मचारियों के लिए 12 लाख 75 हजार रुपए तक की आय को इनकम टैक्स से मुक्त कर दिया गया है। किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। घरेलू और इलेक्ट्रॉनिक सामान को सस्ता करने का भी प्रावधान किया गया है। बजट को लेकर मप्र के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इसे जन सामान्य के लोक कल्याण का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास के केन्द्र में गरीब, युवा, नारी और अन्नदाता को हमेशा ध्यान में रखा है। इस बात को देखते हुए इस केन्द्रीय बजट में इन वर्गों के समग्र विकास के लिए पर्याप्त प्रावधान किया गया है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं देने के निर्णय का स्वागत किया है। इससे मध्यम वर्गों की आय व खपत में वृद्धि होगी। वहीं मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि आम बजट 2025-26 'विकसित भारत' का समग्र दृष्टिकोण, अंत्योदय का संकल्प एवं 'नए भारत' को विश्व का आर्थिक विकास चालक बनाने का व्यापक मार्गदर्शक दस्तावेज है। यह बजट शहर से लेकर गांव तक, समाज के प्रत्येक वर्ग एवं क्षेत्र के लिए विकास की नई संभावनाओं को साकार करने वाला है। इसमें युवाओं, किसानों, श्रमिकों एवं मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।



**बजट में मां अन्नपूर्णा और लक्ष्मी की भूमिका में नजर आई वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण-विधायक रमेश मेंदोला :** विधायक रमेश मेंदोला ने कहा कि लगातार आठवीं बार बजट पेश करने का कीर्तिमान बनाने वाली वित्तमंत्री इस बजट में आम लोगों के लिए मां अन्नपूर्णा और लक्ष्मी दोनों की भूमिका में नजर आई है। यह बजट आम जनता को तोहफे देने वाला भी है और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला भी है। मेंदोला ने कहा कि सरकार ने अपने खजाने में आने वाली कमी की परवाह नहीं करते हुए 12 लाख रुपए तक की कमाई को टैक्स फ्री करने की जो घोषणा की है वो ऐतिहासिक है। भाजपा सरकार की इस पहल का देश के हर वर्ग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कैंसर और अन्य दुर्लभ बीमारियों दवाओं को मूल सीमा शुल्क से छूट देने का निर्णय मोदी सरकार के मानवीय पक्ष को प्रस्तुत करता है। मेंदोला ने कहा कि इंदौर पूरे देश में दाल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है दलहन आत्मनिर्भरता मिशन से ना सिर्फ इंदौर और आसपास के किसानों को लाभ होगा बल्कि हमारा इंदौर दालों के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोगी भूमिका भी निभा सकेगा।

### बेहतर आज, उज्ज्वल कल मिडिल क्लास का जीवन सरल-विधायक मधु वर्मा

विधायक मधु वर्मा का कहना है कि यह बजट बेहतर आज, उज्ज्वल कल मिडिल क्लास का जीवन सरल वाला बजट है। यह बजट महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के लिए इस बजट में अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। नारी शक्ति के योगदान को मान्यता देते हुए उनके लिए विशेष योजनाओं का प्रस्ताव किया गया है। विधायक गोलू शुक्ला ने कहा कि निश्चित ही यह बजट देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। यह भारत के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## इंदौर से प्रयागराज के लिए विशेष उड़ान

# 5 से 14 फरवरी के बीच होगी संचालित, शुरूआती किराया 14 हजार, बुकिंग शुरू




**इंदौर (नप्र)।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। इंडिगो एयरलाइंस 5 से 14 फरवरी के बीच विशेष फ्लाइट इंदौर से प्रयागराज के बीच विशेष फ्लाइट संचालित करने जा रहा है। यह फ्लाइट रोजाना प्रयागराज से दोपहर में इंदौर आकर वापस जाएगी। बता दें कि इससे पहले अलायंस एयर ने भी एक साप्ताहिक उड़ान शुरू की है। जिसे अच्छा खासा प्रतिसाद मिल रहा है। अलायंस एयर की इंदौर से प्रयागराज के लिए संचालित हो रही फ्लाइट लगभग आने एक महीने तक फुल ही है। इंदौर एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार इंडीगो की विशेष फ्लाइट 6ई2413 और 6ई2415 प्रयागराज से 5 से 14 फरवरी के बीच रोजाना दोपहर 12.55 बजे रवाना होकर 2.20 बजे इंदौर पहुंचेगी और इंदौर से 2.55 बजे रवाना होकर 4.20 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। दोनों ओर यात्रा का समय 1.25 घंटे होगा। इससे यात्री बड़ी ही आसानी से महाकुंभ में जाकर वापस आ सकेंगे। कंपनी ने इस फ्लाइट की जो बुकिंग शुरू की है, उसमें शुरुआत से ही इसका एक ओर का किराया 9 हजार से ज्यादा आ रहा है। इस तरह आने और जाने के 18 हजार से ज्यादा चुकाने होंगे।

तीन कैटेगरी में हो रही बुकिंग

इंदौर से प्रयागराज के लिए संचालित होने वाली इस फ्लाइट के लिए इंडिगो ने तीन कैटेगरी में बुकिंग शुरू की है। पहली कैटेगरी सेवर फेयर है जिसका किराया 9 हजार 134 रुपए है, दूसरी कैटेगरी फ्लेक्सी प्लस फेयर है जिसका किराया 9 हजार 943 रूपए है, वहीं तीसरी कैटेगरी सुपर 6ई फेयर है जिसका किराया 10 हजार 709 रुपए है। बताया जा रहा है कि कंपनी इस फ्लाइट के लिए एयरबस के 320-नियो विमान का इस्तेमाल करेगी।

**इधर, 7 फरवरी से भुवनेश्वर के लिए सीधी उड़ान:** इंदौर एयरपोर्ट से 7 फरवरी से इंडिगो एयरलाइंस इंदौर से भुवनेश्वर के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करेगी। यह उड़ान इंदौर को उड़ीसा से सीधे जोड़ेगी, जिससे व्यापार और पर्यटन दोनों को फायदा होगा।

## श्रीराम ग्रीन फाइनेंस

# नया कार्यक्षेत्र इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों और ऊर्जा-कुशल मशीनरी को वित्तपोषित करेगा - सचिन सिंह शेखावत

### श्री राम फाइनेंस ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में श्रीराम ग्रीन फाइनेंस चैनल लॉन्च किया

### पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन फाइनेंस को बढ़ावा देना जरूरी, यह समय की मांग

**रणजीत टाइम्स**






श्री राम ग्रुप की अग्रणी कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में ग्रीन फाइनेंस को बढ़ावा देने के लिए आज संपूर्ण मध्य प्रदेश में वाहन रैली के माध्यम से आम जनता तक संदेश देने का प्रयास किया है। इसी क्रम में आज श्रीराम फाइनेंस द्वारा श्री राम ग्रीन फाइनेंस चैनल का शुभारंभ मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में किया गया। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के प्रमुख सचिन सिंह शेखावत एवं अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि विश्व में पेट्रोल एवं डीजल का एक निश्चित भंडार है जिस पर लंबे समय तक निर्भर नहीं रहा जा सकता ऐसे में विकल्प के तौर पर हमें इलेक्ट्रिक व्हीकल सीएनजी व्हीकल पर ध्यान केंद्रित करना पड़ेगा इसके लिए मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में लगभग 450 शाखाएं कार्यरत है श्रीराम फाइनेंस द्वारा आगामी समय में न केवल ग्रीन फाइनेंस के तहत इलेक्ट्रिक व्हीकल एवं सीएनजी व्हेकिलों को बढ़ावा दिया जाएगा बल्कि चार्जिंग स्टेशन और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों की बढ़ती मांग के साथ, श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने आज एक अलग वर्टिकल श्रीराम ग्रीन फाइनेंस लॉन्च करने की घोषणा की, ईवी के वित्तपोषण के अलावा, पोर्टफोलियो में बैटरी चार्जिंग स्टेशन, उत्पाद और समाधान, ऊर्जा कुशल मशीनरी आदि का वित्तपोषण भी शामिल है। इस प्रकार न केवल हम प्रदूषण कम करने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं बल्कि ग्रीन फाइनेंस के माध्यम से आम जनता को ग्रीन फाइनेंस संबंधी वित्तीय सहायता उपलब्ध करा सकते है यह हमारा प्राथमिक उद्देश्य रहेगा। श्रीराम फाइनेंस विगत 50 वर्षों से निरंतर भारतीयों को वित्तीय सहायता प्रदान करती आ रही है।

# चैंपियन भारत का रहा दबदबा, पूरे टूर्नामेंट में रहे अजेय




| खिलाड़ी | मैच | रन | औसत | स्ट्राइक रेट |
|---|---|---|---|---|
| गोंगाड़ी त्रिशा | 7 | 309 | 77.25 | 147.14 |
| डेविना सारा | 5 | 176 | 35.20 | 135.38 |
| जी कमालिनी | 7 | 143 | 35.75 | 104.38 |
| केयोइमे ब्रे | 6 | 119 | 29.75 | 96.75 |
| जेम्मा बोथा | 6 | 105 | 26.25 | 123.53 |

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।**

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर लगातार दूसरी बार महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। मलयेशिया के कुआलालंपुर के बेयूमास ओवल स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में निकी प्रसाद की टीम इंडिया ने नौ विकेट से जीत दर्ज की। इससे पहले 2023 में शेफाली वर्मा की टीम ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर खिताब जीता था। इस पूरे टूर्नामेंट में भारत का दबदबा दिखा है। भारत ने सात में से सात मैच जीते और टीम अजेय रही। पिछली बार ऐसा नहीं हुआ था। 2023 में भारतीय टीम ने सात में से छह मैच जीते थे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर-सिक्स में हार का सामना करना पड़ा था।

### भारत को ग्रुप-ए में रखा गया था

निकी प्रसाद की टीम ने सात में से सात मैच अच्छे अंतर से जीते। इस दौरान टीम इंडिया ने सात में से पांच मैच आठ या इससे ज्यादा विकेट से जीते, जबकि दो मैच 60 या इससे ज्यादा के अंतर से जीते। यानी भारत के सभी मुकाबले लगभग एकतरफा रहे। भारत को ग्रुप–ए में वेस्टइंडीज, मलयेशिया और श्रीलंका के साथ रखा गया था। 19 जनवरी को अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से शिकस्त दी थी। वहीं, 21 जनवरी को दूसरे मैच में मलयेशिया को 10 विकेट से रौंद दिया था। 23 जनवरी को अपने तीसरे और आखिरी ग्रुप मैच में भारत ने श्रीलंका को 60 रन से हराया था।

### टूर्नामेंट में टॉप स्कोरर- गोंगाड़ी त्रिशा

भारत के लिए इस टूर्नामेंट में गोंगाड़ी त्रिशा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वह टीम इंडिया का उभरता हुआ सितारा बनकर सामने आई हैं। त्रिशा ने सात मैचों में 77.25 की औसत और 147.14 के स्ट्राइक रेट से 309 रन बनाए। इनमें एक शतक शामिल है। वह टूर्नामेंट की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। यहां तक कि 2023 में भारत की शीर्ष स्कोरर रहीं श्वेता सहरावत ने भी 297 रन बनाए थे। गोंगाड़ी को फाइनल मैच में नाबाद 44 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। वहीं, उनकी साथी ओपनर जी कमालिनी ने सात मैचों में 35.75 की औसत और 104.38 के स्ट्राइक रेट से 143 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में तीसरे स्थान पर रहीं। शीर्ष पांच में भारत की दो बल्लेबाज रहीं।

### सुपर सिक्स में भी शानदार प्रदर्शन

सुपर सिक्स में भारत का सामना बांग्लादेश और स्कॉटलैंड से हुआ। टीम इंडिया ने बांग्लादेश को सुपर सिक्स के मैच में आठ विकेट से शिकस्त दी। फिर स्कॉटलैंड को 150 रन से रौंद दिया। टी20 मुकाबले में 150+ रन की जीत बड़ी जीत होती है। इस तरह भारत ने लगातार पांच मैच जीतकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया।

### सेमीफाइनल और फाइनल में एकतरफा जीत

सेमीफाइनल में भारत का सामना इंग्लैंड से हुआ। भारतीय गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 20 ओवर में आठ विकेट पर 113 रन के स्कोर पर रोक दिया। फिर 15 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया। इस तरह टीम इंडिया लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की टीम थी, जिसने अपने पिछले छह में से पांच मैच जीते थे। हालांकि, भारत की बेटियां कहां रुकने वाली थीं। उन्होंने 2023 की तरह एक बार फिर विपक्षी टीम को 100 रन के अंदर रोक दिया और फिर नौ विकेट से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई। भारत ने 11.2 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।